

Honorable Chancellor

# Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra

## (Formerly Agra University, Agra)

### Paliwal Park, Agra (U.P.) -282004

www.dbrau.ac.in

# NSS Activity Report
# 2018-23



Vice Chancellor



University
NSS Coordinator

# NSS Activity Report

National Service Scheme is a multi-purpose program run by the Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India in social and national perspective. This scheme provides multidimensional development of the personality of the volunteers. For the overall development of the youth and to connect them with the society, the National Service Scheme of Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra has been continuously working for the last years in the colleges of all the districts related to the university. Under the National Service Scheme, programs like tree plantation, blood donation camp, cleanliness awareness campaign, voter awareness campaign, health awareness, environmental awareness, digital literacy and awareness about government schemes etc. were organized, in which program officers and volunteers participated enthusiastically and made them successful. Make. Apart from this, various national level camps have also been organized through the National Service Scheme of the University in collaboration with Regional Directorate Lucknow and Higher Education Department (National Service Scheme Cell), Lucknow, Uttar Pradesh. The participation of volunteers of National Service Scheme of Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra in programs at state, national and international level has also been commendable. In this brief report, the social work, awareness campaigns and major achievements done by the National Service Scheme of Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra have been shown, in which the volunteers and program officers of the National Service Scheme have taken great initiative under the leadership of the Program Coordinator. Have contributed. In recognition of the excellent and exemplary social service done under the able leadership of the University's National Service Scheme Program Coordinator, Prof. Ramveer Singh Chauhan, he has been selected for the National Service Scheme Award 2021-22, under which Her Excellency the President Mrs. Draupadi Murmu Ji. Vice Chancellor Prof. Ashu Rani has been given a trophy and a certificate along with a silver medal to Prof. Ramveer Singh Chauhan on 29 September 2023 at Rashtrapati Bhavan, New Delhi. Prof. Chauhan, Program Coordinator of National Service Scheme of the University, has received this award as the only Program Coordinator from the entire country in the Program Coordinator category. Along with this, the University's volunteer Lakshya has also received the National Service Scheme Award 2021-22 in the volunteer category. Apart from this, in the past also the volunteers of the University have been given this award in the volunteer category in the years 2011, 2017, 2019, 2020 and 2021.

## Activity Index


| S.No. | Activity | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | Hygiene Awareness Work | 1-3 |
| 2 | Plantation Campaign | 4-5 |
| 3 | Environmental Awareness Work | 6 |
| 4 | Organization of blood donation camps and awareness work | 7-8 |
| 5 | Health Awareness Work | 9-10 |
| 6 | Yoga Shivir and Awareness work | 11-13 |
| 7 | Save Beti, Educate Beti Campaign | 14 |
| 8 | Bapu Bazaar at work | 15-16 |
| 9 | In voter awareness work | 17-18 |
| 10 | Road traffic Awareness work | 19-20 |
| 11 | Legislative work done during COVID-19 | 21-22 |
| 12 | Amrit Mahotsav of Independence in action | 23 |
| 13 | International youth groups welcome and cultural exchange | 24-25 |
| 14 | Organization of ITI training camps | 26-28 |
| 15 | Youth dialogue work | 29 |
| 16 | District level youth parliament work | 30 |
| 17 | Population Stability Rally and Seminar | 31 |
| 18 | Digital India Workstream | 32 |
| 19 | Organization of pre-Republic Day parade camps | 33-35 |
| 20 | Organization of National Integration Camp-2016 | 36 |
| 21 | Participation in national level camps | 37-38 |
| 22 | National Service Scheme Award to Work Coordinator | 39 |
| 23 | National Service Scheme Award to Volunteers | 40-43 |

# Hygiene Awareness Work

















# Hygiene Awareness Work











## स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत आरबीएस के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो




**आगरा।** आर. बी. एस. डिग्री कॉलेज, आगरा में स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यशाला के तीसरे दिन में डोर टू डोर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही नोडल अधिकारी डॉ. रामबीर सिंह चौहान के निर्देशन में छात्र कल्याण भवन में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें 55 छात्रों ने प्रतिभागिता की। प्राचार्य डॉ. विजय श्रीवास्तव ने पोस्टर प्रतियोगिता के समापन के पश्चात सभी प्रतिभगियो की सराहना करते हुए छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता करने हेतु प्रेरित किया। डोर टू डोर स्वच्छता अभियान में स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं पर सर्वेक्षण किया। अभियान के आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. आलोक, डॉ. चंचल पाल सिंह, शिवकुमार मिश्रा, पूर्व स्वयंसेवक रोशन सिंह माहौर एवं जानवी परनामी का विशेष सहयोग रहा।

## स्वयंसेवियों ने सफाई कर किया श्रमदान

अमर उजाला ब्यूरो

मैनपुरी। श्री चित्रगुप्त डिग्री कालेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवियों ने शिव मंदिर को जाने वाले मार्ग की मरम्मत की। कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक राजकुमार यादव ने भी स्वयंसेवियों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

स्वयंसेवियों ने प्रथम सत्र में महादेव आश्रम गनेशपुर को जाने वाले मार्ग की मरम्मत की। कार्यक्रम अधिकारी विजयनरायन की देख रेख में स्वयंसेवियों को चार टोलियों में विभाजित कर मरम्मत का कार्य कराया गया। द्वितीय सत्र में सचिन निगम के सहयोग से संगीत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके बाद तृतीय सत्र में गोष्ठी हुई। जिसमें सदर विधायक राजकुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विधायक सदर ने कहा कि समाज



गांव गणेशपुर में सफाई करते चित्रगुप्त डिग्री कॉलेज के छात्र।

### सदर विधायक राजकुमार ने स्वयंसेवियों के साथ अनुभव साझा किए

सेवा से बड़ा कोई दूसरा कार्य नहीं है। एनएसएस का ज्ञान समाज सेवा की सीख देता है। एनएसएस के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने से अनुशासन व समाज सेवा की भावना पैदा होती है। विधायक ने स्वयंसेवियों को डायरी और कलम भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर गायत्री, कोमल यादव, शेजल अग्रवाल, अंकित कुमार, धीरज कुमार, सुमित कुमार, उमाकांत आदि ने विचार व्यक्त किए।

## एनएसएस छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



रामसिंह महाविद्यालय में बुधवार को एनएसएस शिविर में नुक्कड़ नाटक करती छात्राएं।

टूंडला | हिन्दुस्तान संवाद

रामसिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर के एनएसएस छात्रों ने ग्राम नगला दल में शिविर के पांचवें दिन ईश्वर चन्द्र इंटर कालेज के मुख्य प्रांगण तथा ग्राम के मुख्य मार्ग पर सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को सफाई के महत्व का संदेश दिया। कालेज प्रबंधक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने छात्रों को रक्तदान के महत्व को समझाया।

अध्यक्षता प्राचार्य बीपी सिंह ने की। सुभाष चन्द्र, योगेश गौतम, शालिनी सिंह, भारती सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अमोल सिंह, कौशलेन्द्र सिंह विपिन कुमार आदि उपस्थित थे।

# Hygiene Awareness Work

## कुलपति आशु रानी ने दी स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी





## वालंटियर्स ने रैली निकाल दिया लोगों को स्वच्छता का संदेश



■ SPM NEWS

बेटियों को पढ़ायें तभी सशक्त होगी

## छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को समझाया स्वच्छता का महत्व

## ग्रामीणों को सफाई के लिए किया प्रेरित

छर्रा। कस्बे के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तीसरे एक दिवसीय शिविर का गांव जटपुरा में मंगलवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अधिकारी प्रो. शालिनी चौहान के साथ-साथ 104 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर गांव के प्राथमिक विद्यालय और अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया। छात्रों ने ग्रामीणों को क्षेत्र में सफाई रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर डॉ. शिखा सिंह, समीर यादव आदि मौजूद रहे।





छर्रा के गवर्नमेंट कॉलेज में एनएसएस शिविर के दौरान मौजूद स्वयंसेवक। • हिन्दुस्तान

## स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली

आगरा। आरबीएस डिग्री कॉलेज में चल रहे स्वच्छता एक्शन प्लान के तहत स्वच्छता कार्यशाला चल रही है। इसके अंतर्गत रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों की ओर से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई।

शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी डॉ. रामवीर सिंह चौहान, पार्षद विवेक तोमर और डॉ. कृपाशंकर ने किया। बाबू गुलाब राय मार्ग से नवलकिशोर चौराहा, लाजपत कुंज, दिल्ली गेट होते हुए वापस कॉलेज में रैली समाप्त हुई। स्वयंसेवकों ने दिल्ली गेट तिराहा और लाजपत कुंज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम तिवारी के निर्देशन में राजा की मंडी रेलवे स्टेशन व बाग फरजाना में सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित कराकर उसका निस्तारण कराया गया। अभियान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक, डॉ. चंचल पाल सिंह, शिवकुमार मिश्रा, रोशन सिंह माहौर, जानवी परनामी, कंचन चौहान की उपस्थिति रही। ब्यूरो

## रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश



शिकोहाबाद। पालीवाल महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा चौथे एकदिवसीय शिविर में क्लीन इंडिया कैंपेन के तहत वॉलंटियर्स ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. एमपी सिंह, डॉ. टीएच नकवी, डॉ. आरबी पांडे, डॉ.साने आलम, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. सुशील कुमार, शालू अग्रवाल, राजीव अग्रवाल मौजूद रहे। संवाद

## प्लास्टिक कूड़े के प्रति एकजुट हुए स्वयंसेवक, की सफाई

## पांच दिवसीय स्वच्छता कार्यशाला का हुआ समापन

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो



## जागरूकता के कार्य



गांव नगला सिकन्दर में सफाई करते एनएसएस के स्वयंसेवक। • हिन्दुस्तान

### एनएसएस छात्र-छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

टूंडला। रामसिंह महाविद्यालय नगला सिकन्दर के ग्राम मोहम्मदी में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के दूसरे दिन स्वयंसेवक सेविकाओं ने ग्राम के परिक्रमा मार्ग पर सफाई अभियान चलाया। एनएसएस छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं को उनकी क्षमता तथा समाज में उनके महत्व का परिचय करवाया तथा समाज के उनके योगदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डीपी सिंह ने विद्यार्थियों को सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित की जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन भानु के टूंडला तहसील अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुभाष चंद्र के निर्देश में स्वयंसेवक सेविकाओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम संचालन प्रोफेसर रौनक पाकरे ने किया। नेत्रपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, मंजू सिंह, पूजा सिंह, संदीप, ओझा आदि मौजूद रहे।

# Plantation Campaign























# Plantation Campaign

## राजकीय संग्रहालय में किया छात्राओं ने पौधारोपण



महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राजकीय संग्रहालय परिसर में पौधारोपित करती किशोरी रमन महिला महाविद्यालय की छात्रा व शिक्षिकाएं ● सौ. कालेज प्रबंधन

**जासं, मथुरा:** महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती पर राष्ट्रीय संग्रहालय और किशोरी रमन महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजन की इकाई के संयोजन में पौधारोपण किया। संग्रहालय के उपनिदेशक यशवंत सिंह राठौर, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रीति सहनी, एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डा. आम्रपाली, डा. मनीषा शर्मा, एनएसएस इकाई की छात्रा व संग्रहालय के स्टाफ ने पौधारोपण किया।

## आरसीए कॉलेज में पौधे रोपकर मनाया एनएसएस दिवस

मथुरा। आरसीए महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रीति जौहरी, स्वीप कोआर्डिनेटर डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. नीतू गोस्वामी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने पौधरोपण कर किया। केआर गर्ल्स कॉलेज की प्रोफेसर व स्वीप कोआर्डिनेटर डॉ. पल्लवी सिंह ने एनएसएस की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. प्रीति जौहरी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मतलब हम सेवा को योजना बनाकर करें ताकि उसका लाभ अधिकांश लोगों तक दीर्घ अवधि तक प्राप्त होता रहे। इस अवसर पर डा. सीमा शर्मा ने अतिथि डा. पल्लवी सिंह एवं पूर्व योजनाधिकारी मंजू दलाल एवं डा. कल्पना वाजपेयी का पटुका ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान डा. अर्चना पाल, डा. संध्या श्रीवास्तव, डा. धर्मेन्द्र वर्मा, डा. सुनीता अवस्थी आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। ब्यूरो

## वृक्ष लिए गोद, करेंगे उनकी देखभाल

आरबीएस कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शिविर लगा। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रो. कुंवरपाल ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान डा. पूनम तिवारी डा. चंचल पाल सिंह रहे।



## किशोरी रमन की छात्राओं ने किया पौधरोपण

## छात्रों ने किया कॉलेज में पौधरोपण





पौधरोपण

## शिविर में स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

मैनपुरी। डा. बीआर आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम शिवाई में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को प्राचार्य डा. पुष्पा कश्यप के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने के लिए पौधरोपण करने, पर्यावरण संरक्षण करने के लिए जागरूक किया। सड़क सुरक्षा के तहत स्लोगन, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रमोद कुमार, प्रधानाचार्य विमलेश भदौरिया, रामपाल सिंह, प्रबोध शास्त्र आदि मौजूद रहे।


## स्वयंसेविकाओं ने किया पौधरोपण

जासं, मथुरा : आरसीए कन्या महाविद्यालय का कल्याण करोति में चल रहे एनएसएस इकाई प्रथम और द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन पर्यावरण संरक्षण को जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ संकल विद्यालय की निदेशक ब्रजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक और कर्मचारियों ने पौधरोपण भी किया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न किस्मों का पौधरोपण किया और इलाइट स्कूल, एप्पल ग्रीन गेस्ट हाउस, डा. श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, गोपाल नगर के स्थानीय निवासियों को भी पौधों का दान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन सेवा योजनाधिकारी डॉ. भारती सागर और डॉ. मंजू दलाल ने किया।

## किया पौधरोपण

आगरा(ब्यूरो)। बलवंत विद्यापीठ रूरल इंस्टीट्यूट, बिचपुरी की राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा ने बुधवार को गांव सदरवन में नलकूप परिसर में पौधरोपण किया। इसमें प्राचार्य डा. एसएस परिहार, कार्यक्रम अधिकारी डा. परवेंद्र कुमार सिंह, डा. भीमराव अंबेडकर विवि के समन्वयक डा. रामवीर सिंह चौहान आदि रहे।

समझाए यातायात के नियम



## एनएसएस इकाई ने किया पौधारोपण

## निबंध में रिजा, गजल में नेहा सलीम रहीं अव्वल

विधायक मधुसूदन शर्मा।




आगरा कॉलेज में पौधरोपण करते कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार रावत, साथ में

## छात्राओं ने लोगों को पर्यावरण का महत्व बताया

हाथरस। सरस्वती डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने एनएसएस शिविर के दौरान रविवार को ग्रामीणों को पर्यावरण का महत्व बताया। इस दौरान नारी शिक्षा की बात पर जोर देते हुए, बेटियों को अधिक से अधिक पढ़ाने को कहा।

जागरूकता कार्यक्रम के साथ शिविर का समापन हुआ। इस दौरान प्रिया भाटिया, रिया भाटिया, वाटिका शर्मा, प्राची व यौगिता ने नाटक के माध्यम से महिला शिक्षा का संदेश दिया। तुषार, अरबाज आदि ने एकांकी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। छात्र-छात्राओं ने गीत आदि भी प्रस्तुत भी की। प्राचार्य डॉ. जगदीश ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को समाज के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस मौके पर डॉ. देवप्रकाश, दिलीप यादव, रामवीर सिंह आदि थे।

# Environmental Awareness Work









## सौर ऊर्जा से चलाया कूलर

जागरण संवाददाता, अलीगढ़ : एसवी कॉलेज एनएसएस के विद्यार्थियों ने विकास लोक कुंवर कॉलोनी धनीपुर मंडी के लोगों को ऊर्जा और जल संरक्षण के बारे में अभियान चलाकर बुधवार को जागरूक किया। लोगों को सौर ऊर्जा से कूलर चलाकर इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। लोगों से कहा कि इससे बिजली बचाने में सहयोग किया जा सकता है। विशेषज्ञ संदीप वार्ष्णेय ने सोलर पैनल और सौर ऊर्जा के बारे में जानकारी दी और कहा कि ऊर्जा की बचत से देश की प्रगति होगी। सभी को इस दिशा में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान कोआर्डिनेटर डा. तनु वार्ष्णेय, डा. हरेंद्र गौड ने भी सहयोग किया।



एसवी कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से सौर ऊर्जा से कूलर चलाकर उसकी उपयोगिता के बारे में बताया। • जागरण

## पर्यावरण के लिए किया जागरूक

मथुरा। आरसीए गर्ल्स पीजी कालेज द्वारा कल्याणं करोति में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयों द्वारा लगाए गए शिविर में छात्राओं ने निकटवर्ती इलाकों में पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया। लोगों को पौधे बांट कर उनका रोपण करने और संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया।

योजनाधिकारी डा. भारती सागर एवं मंजू दलाल के नेतृत्व में छात्रा गौरी दीक्षित, अनम, मंजू राजपूत, पिंकी अग्रवाल, खुशी, दीक्षा सारस्वत, उर्मिला घोष, रानी, परिधि, स्नेहा, मीनाक्षी आदि ने वृक्षारोपण एवं वृक्षदान करके पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरुक किया। अभियान में रोशन एवं गुड़िया ने अहम योगदान दिया। यही नहीं छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर भी लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर शैली शर्मा, मीना वर्मा, रुचि शर्मा, प्रिया सोनी, दिव्यांशी, कालिंदी, गुड़िया, कृष्णा, मधु आदि थीं।

## छात्राओं ने लोगों को पर्यावरण का महत्व बताया

हाथरस। सरस्वती डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने एनएसएस शिविर के दौरान रविवार को ग्रामीणों को पर्यावरण का महत्व बताया। इस दौरान नारी शिक्षा की बात पर जोर देते हुए, बेटियों को अधिक से अधिक पढ़ाने को कहा।

जागरुकता कार्यक्रम के साथ शिविर का समापन हुआ। इस दौरान प्रिया भाटिया, रिया भाटिया, वाटिका शर्मा, प्राची व योगिता ने नाटक के माध्यम से महिला शिक्षा का संदेश दिया। तुषार, अरबाज आदि ने एकांकी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। छात्र-छात्राओं ने गीत आदि भी प्रस्तुत भी दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को समाज के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस मौके पर डॉ. देवप्रकाश, दिलीप यादव, रामवीर सिंह आदि थे।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक



## छात्रों ने किया ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक

अलीगढ़। एसवी कॉलेज के एनएसएस छात्रों द्वारा विकास लोक कुंवर कॉलोनी धनीपुर मंडी के लोगों को ऊर्जा संरक्षण और जल संरक्षण के बारे में बताया। सौर ऊर्जा के महत्व को समझाया और लोगों को सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने सौर ऊर्जा से कूलर चला कर लोगों को बताया कि देश में विद्युत उपलब्धता सीमित है। सौर ऊर्जा इस दिशा में काफी कारगर हो सकती है। कैंप कॉर्डिनेटर डॉ. तनु वार्ष्णेय व डॉ. हरेन्द्र गौड़ ने छात्रों के साथ अभियान में शामिल होकर लोगों को जागरुक किया।

# Organization of blood donation camps and awareness


























# Organization of blood donation camps and awareness

## विद्यार्थियों ने 52 यूनिट रक्तदान किया

आगरा। सेंट जोंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से समर्पण ब्लड बैंक के माध्यम से बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 52 यूनिट रक्तदान किया गया।

29 छात्राओं व 23 छात्रों ने रक्तदान किया। प्राचार्य प्रो. एसपी सिंह ने रक्तदान का महत्व बताया। विश्वविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान, समर्पण ब्लड बैंक के डॉ. वीके सिंह, कॉलेज के एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जॉन अभिषेक मसीह, डॉ. रचिता शर्मा, डॉ. राम कुमार सारस्वत, स्वयंसेवक अक्षय, जितेंद्र, वसुंधरा, प्रिया नम्रता आदि रहीं। ब्यूरो

अमर उजाला my city

## बचाने के लिए जान 51 ने किया रक्तदान



अमर उजाला कार्यालय में लगाए गए शिविर में रक्तदाता और चिकित्साकर्मी। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

आगरा। अमर उजाला फाउंडेशन ने शुक्रवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। अमर उजाला कार्यालय, गुरु का ताल सिकंदरा और एसएन मेडिकल कॉलेज के ब्लडबैंक में शिविर आयोजित हुए। इसमें औरों की जान बचाने के लिए कुल 51 लोगों ने रक्तदान किया।

AMAR UJALA FOUNDATION

अमर उजाला कार्यालय में आगरा कॉलेज, आरबीएस कॉलेज, सेंट जोंस कॉलेज, श्रीभवानी सिंह महाविद्यालय टेढ़ी बगिया और कृष्णा कॉलेज एनएसएस के स्वयंसेवकों के अलावा राजकीय हाईस्कूल सेमरा की प्रधानाचार्या आराधना सिंह व अन्य दूसरी जगहों के लोगों ने 31 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान से पहले सभी रक्तदाताओं की जांच की गई। हीमोग्लोबिन कम होने, उम्र 18 वर्ष से कम होने, व्रत रखने की वजह से 20 लोगों को रक्तदान करने से रोका गया।

### अमर उजाला फाउंडेशन ने विवि के एनएसएस प्रकोष्ठ के सहयोग से लगाया शिविर

### अमर उजाला कार्यालय व एसएन मेडिकल कॉलेज में हुए आयोजन

### एसएन मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक में 19 यूनिट रक्तदान

अमर उजाला कार्यालय में एसएन मेडिकल कॉलेज ब्लडबैंक के डॉ. प्रेम सिंह के नेतृत्व में डॉ. रोमित चाहर, डॉ. रेखा जैन, प्रमोद कुमार, दामोदर सिंह, अनवर खान, रोहित पाल सिंह, राहुल, शिवम, तुषाल, श्वेता व रागिनी ने रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न कराई। वहीं, मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में प्रभारी डॉ. नीतू चौहान के नेतृत्व में डॉ. यतेंद्र मोहन, डॉ. शुभम पाठक, एसके उपाध्याय, अमित कुलश्रेष्ठ ने रक्तदान कराया। विश्वविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रामवीर सिंह चौहान के निर्देशन में स्वयंसेवकों में रोशन माहौर, अनुभव, प्रवीण कुमार, हृदेश शर्मा, मनीष आदि ने शिविर में सहयोग दिया। एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी विक्रम सिंह भी मौजूद रहे।

## रक्त प्रयोगशाला में नहीं तैयार किया जा सकता : डॉ. नीतू



आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ और छात्र कल्याण विभाग की ओर से मंगलवार को जेपी सभागार में जागरूकता कार्यक्रम और विचार गोष्ठी आयोजित की गई। एसएन मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. नीतू चौहान ने कहा कि रक्त ऐसे अवयवों से मिलकर बना होता है, जिन्हें प्रयोगशाला में नहीं तैयार किया जा सकता है, इसलिए रक्तदान कराने की जरूरत पड़ती है। डीन एकेडमिक प्रो. संजीव कुमार ने छात्र-छात्राओं से रक्तदान करने की अपील की। पोस्टर प्रतियोगिता में आगरा कॉलेज की हृदेश शर्मा ने प्रथम स्थान, सेंट जोंस कॉलेज की आस्था अग्रवाल और कामना वर्मा ने द्वितीय स्थान व आरबीएस कालेज की जाह्नवी परनमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में आगरा कॉलेज ने प्रथम, सेंट जोंस कॉलेज ने द्वितीय और आरबीएस कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अधिष्ठाता (डीन) छात्र कल्याण प्रो. मोहम्मद अरशद, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचिता शर्मा, डॉ. जय प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. हेमलता, डॉ. प्रतिमा सिंह, शिवकुमार मिश्रा की उपस्थिति रही। ब्यूरो

### 30 ने किया रक्तदान

आगरा। संकल्प मानव सेवा संस्था

### 20 यूनिट रक्तदान

आगरा। हैल्पिंग हैंड फाउंडेशन ने



मंगलवार को जिला चिकित्सालय में रक्तदान करती आरसीए कॉलेज की छात्राएं। साथ में हैं चिकित्सक, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं एवं मेडिकल टीम। • हिन्दुस्तान

## आरसीए कॉलेज की छात्राओं ने किया रक्तदान

मथुरा | हिन्दुस्तान संवाद

शिविर

- 35 छात्राओं, शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने किया रक्तदान
- प्राचार्य जौहरी ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला

आरसीए बालिका स्नातकोत्तर कॉलेज की ओर से जिला अस्पताल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 व 2 के सहयोग से मंगलवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 35 छात्राओं, शिक्षिकाओं और शिक्षणेतर कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारती ... एवं मंजू ... के निर्देशन में ... शिविर का ... महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ... जौहरी ने रक्तदान की महत्ता बताया। रक्तदान से पूर्व जिला अस्पताल की मेडिकल ऑफिसर डॉ. ... शर्मा, ... तथा ... कुमार, ... एवं राजकुमार द्वारा ... कालेज आधा सैकड़ा अध्यापिकाओं, छात्राओं एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के उपरांत 35 ने रक्तदान किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका ... पूजा, ..., ..., ..., ... आदि का सहयोग रहा। इसमें डॉ. ..., डॉ. ... जौहरी, ... के साथ पूजा, ..., ..., ... छात्राओं ने रक्तदान किया।

## छात्राओं ने ग्रामीणों को दिलाई रक्तदान की शपथ

## शिविर में स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान





हाथरस में शिविर में मंगलवार को रक्तदान करते छात्र के पास मौजूद कार्यक्रम अधिकारी।

हाथरस | हिन्दुस्तान संवाद

बागला डिग्री कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने दयानतपुर में मंगलवार को शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया।

सेठ फूलचन्द बागला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठवें दिन दोनों इकाइयों के प्रतिभागियों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पृथ्वी सिंह व डॉ. ... सिंह के नेतृत्व में दयानतपुर में मतदान अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। गांव में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसके बाद रक्तदान शिविर ग्राम दयानतपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगाया गया।

इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पृथ्वी सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, प्रद्युम्न सिंह, पवन कुमार विमल, गौरव कुमार, विशाल सिंह, ... सिंह, नीलम कुमारी, प्रिया चौधरी, भावना ..., दिव्या कुलश्रेष्ठ आदि ने रक्तदान किया।

# Health Awareness Work





























# Health Awareness Work

## मानसिक परेशानी पर 24 घंटे काउंसिलिंग



मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के उद्घाटन के मौके पर अतिथि। संवाद

**आरबीएस कॉलेज में बनाया गया हेल्प सेंटर**

आगरा। मानसिक परेशानी होने पर आपको घर बैठे काउंसिलिंग की सुविधा मिलेगी। यूनीसेफ, पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया और एनएसएस के मुस्कराएगा इंडिया अभियान के तहत आरबीएस कॉलेज में हेल्प सेंटर शनिवार को शुरू हो गया।

नोडल ऑफिसर डॉ. पूनम तिवारी ने बताया कि मानसिक परेशानी होने पर कोई भी नंबर 8069693100 पर 24 घंटे फोन कर सकते हैं। यहां पर तैनात विशेषज्ञ उनकी मनोदशा समझते हुए काउंसिलिंग करेंगे। दवाओं की जरूरत पर उनको चिकित्सक के पास जाने के लिए परामर्श दिया जाएगा। प्राचार्य प्रो. विजय श्रीवास्तव ने बताया कि हर जिले में एक केंद्र बनना है। आगरा में आरबीएस में केंद्र बना है। कार्यक्रम में प्रो. रामवीर सिंह चौहान, प्रो. संजीव पाल सिंह, प्रो. राजीव शुक्ला, डॉ. आनंद पाराशर, एनाबेल, डॉ. चंचल पाल आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

## स्तन कैंसर के प्रति महिलाओं को चेताया

आगरा | हिन्दुस्तान संवाद



## स्वयंसेवकों ने 13 नए टीबी मरीज तलाशे

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्टेट टीबी ट्रेनिंग सेंटर और जिला चिकित्सालय टीम के साथ मोतीमहल क्षेत्र में जाकर शनिवार को सर्वे किया। इसमें 13 मरीजों को पहली बार पता चला कि वह टीबी से ग्रसित हैं।

एनएसएस के समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान ने बताया कि सर्वे में 15 टीबी के मरीज मिले। इसमें से 2 का इलाज पहले से चल रहा है। 13 मरीजों को पहली बार पता चला कि वह टीबी से ग्रसित हैं। लोगों को लू से बचने के लिए जागरूक किया गया।

डिप्टी सीएमओ डॉ. पियूष जैन, डॉ. अमित सिंह, पंकज कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने 150 से अधिक परिवारों का सर्वे किया। इसमें प्रवीन कुमार, अल्पना और भावना रहे। ब्यूरो

## आरडी कॉलेज में 80 छात्राओं को लगा कोरोना का टीका



आरडी गर्ल्स कॉलेज में लगे शिविर में छात्राओं का होता टीकाकरण। संवाद

हाथरस। आरडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या प्रो. इंदु वार्ष्णेय के निर्देशन में छात्रा कल्याण समिति व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की 80 छात्राओं और स्टाफ के शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारियों टीका लगाया गया। एएनएम मालती द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं बूस्टर डोज लगायी गई। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना सिंह, अमृता सिंह आदि मौजूद रहीं। संवाद

## एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प

शिकोहाबाद। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में पालीवाल महाविद्यालय की एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एमपी सिंह ने वॉलिंटियर से आह्वान किया कि समाज में एड्स से बचाव के लिए जागरूकता फैलाएं। डॉ. सिंह ने कहा कि असुरक्षित तरीके से सुई लगाने, असुरक्षित तरीके से रक्त चढ़ाने, पुरानी सिरिंज का उपयोग करने और संक्रमित व्यक्ति के रक्त का उपयोग करने से एड्स होने की संभावना रहती है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. टीएच नकवी ने किया। शिवकेश, नेहा, प्रियंका, ईश्वर, अमित, कौशलेंद्र, भावना यादव, खुशबू यादव, किरण और अंशिका त्रिपाठी सहित वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे। संवाद

हिन्दुस्तान • आगरा • गुरुवार • 03 मार्च 2022 • 06

संक्षेप



## एनएसएस छात्रों ने स्वास्थ्य शिविर लगाया

## एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वास्थ्य सर्वेक्षण



एनएसएस आई

आगरा। आगरा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने बस्तियों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सर्वेक्षण के दौरान स्वयंसेवकों ने नागरिकों से स्वास्थ्य के बारे में जाना। उन्हें जिला अस्पताल से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं निजी साफ-सफाई रखने के सुझाव दिए गए। मार्गदर्शन के रूप में इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ विक्रम सिंह, डॉ. शिव कुमार सिंह, डॉ. भूपेंद्र सिंह साथ ही पूर्व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

तीसरे सत्र में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पांचों यूनिट से कुल 25 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में यूनिट संख्या 4 ने 45 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा यूनिट 2 व 3 सामूहिक रूप से 40 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहीं।

## बीमारी शुरू होती है मानसिक बीमारी से

हिन्दुस्तान 30-03-2022 पेज 02



# Yoga Shivir and Awareness work














## Yoga Shivir and Awareness work
















# Yoga Shivir and Awareness work

## स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या में योग को करना होगा शामिल

### गांव झिंझाई में लगाया गया एनएसएस का शिविर

संवाद न्यूज एजेंसी

मैनपुरी। डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर गांव झिंझाई में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सभी को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना होगा।

रविवार को शिविर के दौरान योगाभ्यास एवं योग का जीवन में महत्व विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव की देख रेख में प्रथम सत्र में श्रमदान कर ग्रामीणों को योगाभ्यास एवं योग के महत्व की जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित दिनचर्या में योग को अपनाना होगा। योग प्रशिक्षक राममूर्ति ने स्वयंसेवकों को योग के महत्व एवं योगाभ्यास के विभिन्न तरीकों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को योग, व्यायाम, अनुलोम, विलोम, कपाल भारती, वज्रासन, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार आदि के विषय में बताया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विमलेश भदौरिया, वरिष्ठ अध्यापक रामपाल सिंह, शिवनंदन सिंह यादव मौजूद रहे।

---

आगरा, 16 जून, 2020 दैनिक जागरण 5

## ऑनलाइन योगा क्लासेस में योग का बताया महत्व

संवाद सहयोगी, फीरोजाबादः राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी के नेतृत्व में ऑनलाइन योगा क्लासेस चल रही है। जिसमें शिकोहाबाद के पालीवाल महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग अध्यक्ष एवं योगा प्रशिक्षक शिक्षाविद और वालंटियर्स को योगाभ्यास के टिप्स देते हैं।

सोमवार को आयोजित क्लासेस में योगा प्रशिक्षक डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य कोरोना के संक्रमण के चलते मानसिक और आर्थिक तौर पर समस्याओं से ग्रस्त है। जिससे सभी का शरीर भी प्रभावित है। इसको योग, व्यायाम और मेडिटेशन के माध्यम से संतुलित रखा जा सकता है। योग से शरीर के प्रत्येक कोशिका को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिलती है। जिससे कोशिका का पावर हाउस जिसे माइटोकांडिया कहते हैं, वह ऊर्जा उत्पन्न करता है। यही ऊर्जा हमारे शरीर की शक्ति और स्टैमना को बढ़ाती है। जो हमे बीमारियों से लड़ने में सक्षम बनाती है। इसलिए हम सभी को प्रत्येक दिन समय निकालकर योगाभ्यास करना करना चाहिए। ऑनलाइन क्लासेस में जिला नोडल अधिकारी डॉ. नवीन माहेश्वरी, डॉ. अनुभा शर्मा, डॉ. टीएच नकवी सहित वालंटियर्स ने भाग लिया।



ऑन लाइन क्लास में योग की टिप्स देते प्रशिक्षक • जागरण




---

बृहस्पतिवार, 22 जून 2017 हिन्दुस्तान 02

## विश्वविद्यालय भी योग के रंग में रंगा

आगरा। डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व छात्र कल्याण विभाग की ओर से खंदारी परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार दीक्षित ने की। योगाचार्य डॉ. आनंदप्रताप राठौर और उनके सहयोगी डॉ. सुमन के द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों से आए लगभग 1000 स्वयंसेवकों एवं 100 से अधिक शिक्षकों ने योग किया। संचालन एनएसएस [illegible] ने किया। इस दौरान [illegible] डॉ. [illegible] सिंह चौहान और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. [illegible], डॉ. गिरिजाशंकर शर्मा, डॉ. अजय तनेजा मौजूद रहे। कुलसचिव [illegible] सिंह, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, [illegible]

---

## छात्रों को योग का महत्व भी बताया

आगरा। मिशन शक्ति के तीसरे चरण के अंतर्गत आरबीएस कॉलेज में योग, मनोवैज्ञानिक परामर्श और उद्यमिता विकास पर व्याख्यान आयोजित किया गया। योगाचार्य मेधना पाल ने योग प्रशिक्षण देने के साथ उसका महत्व भी बताया। मिशन शक्ति समिति की संयोजिका डॉ. अनुपमा सिंह, एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम तिवारी और डॉ. मधुबाला की ओर से काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया। डॉ. अंजू जैन ने कौशल विकास पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डॉ. राखी, डॉ. सुधीर मौजूद रहे।

---

## एनएसएस कैंप में छात्राओं को योग सिखाया गया

एटा | हिन्दुस्तान संवाद

जवाहर लाल नेहरू डिग्री कालेज का सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवायोजना शिविर श्री दिगंबर जैन कन्या विद्यालय में चल रहा है। दूसरे दिन शिविर में योगाभ्यास कराया गया।

सोमवार को श्री दिगंबर जैन कन्या विद्यालय में शिविर में मौजूद एनएसएस की छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। शिवि में योगाचार्य रामप्रवेश ने छात्राओं को योग से होने वाले लाभ बताए। साथ ही अभ्यास कराया।

योगाचार्य ने शिविर में छात्राओं ने अनुलोम-विलोम, कपाल भांति, भस्त्रिका आदि योग और आसन सिखाए। शिविर में योजनाधिकारी डा. शकील अहमद ने बताया कि स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग को माध्यम बनाएं। इससे छात्राएं अपने को निरोगी रख सकती हैं। डा. अनुपमा जैन ने कहा किशोरों को अपनी दिनचर्या में योग, व्यायाम और प्राणायाम को शामिल करना चाहिए। शिविर में डा. सुनीता सक्सेना ने छात्राओं को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमोद-प्रमोद की गतिविधियां कराई हैं। शिविर में डा. उमा सोलंकी, डा. अखिलेश जैन आदि ने सहभागिता की है।

### बताए लाभ

- योगाचार्य ने छात्राओं को योगाभ्यास के लाभों को बताया
- श्री दिगंबर जैन कन्या विद्यालय में चल रहा एनएसएस शिविर

---

अमर उजाला मंगलवार,

## मांट में भी लोगों ने योग शिविर में लिया भाग

मांट। अमर उजाला मुहिम के तहत गांव डांगोली में योग शिविर लगा। राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शुभारंभ एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीनदयाल ने किया। योग प्रशिक्षक तीर्थराज सिंह के नेतृत्व में 400 से अधिक छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने योग किया। एनएसएस की छात्राओं ने योग पर नाटक प्रस्तुत किया। अध्यक्षता हरिश्चंद ने की। सरिता गौतम, बाबूलाल प्रधान, हरेकृष्ण गोयल, लोकेश सारस्वत, लक्ष्मीकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# Save Beti, Educate Beti Campaign















## अबला नहीं तूफान हैं हम भारत की शान हैं

संवाद सहयोगी, शिकोहाबाद: पालीवाल महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। नगर में जनजागरण रैली निकाली गई।

इसमें एनएसएस छात्र-छात्राओं ने अबला नहीं तूफान हैं हम भारत की शान हैं, वृक्ष धरा के भूषण हैं करते दूर प्रदूषण हैं, पर्यावरण बचाओ पॉलीथिन हटाओ के नारे लगाए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एमपी सिंह ने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे- दहेज प्रथा, तंबाकू सेवन के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। डॉ. टीएच नकवी ने कहा कि राष्ट्र के हित में जो सकारात्मक कार्य हैं, वह तन मन धन से करें। मौके पर डॉ. राजीव अग्रवाल, डॉ. प्रेमप्रभाकर, रामसिंह, सत्यप्रकाश, छात्रा अंजली, तृप्ति जादौन, वर्षा, रुचि, रेनु, प्रियंका, नेहा आदि मौजूद रहे।



मैनपुरी जागरण

## महिलाओं का सम्मान, सिखाए आत्मरक्षा के तरीके

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शैक्षणिक संस्थानों में हुए कार्यक्रम, वंदी और बुजुर्ग महिलाओं का जाना हाल



## 'महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं'



## कन्या भ्रूण हत्या को रोकने का संदेश दिया



गुरुवार • 10 मार्च 2022 • 08

## छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया

# Bapu Bazaar at work























# Bapu Bazaar at work

## एनएसएस शिविर में छात्राओं ने लगाया अपना बाजार



## स्वयंसेवकों ने वस्त्र जुटाए जरूरतमंदों को बांटे

## एक रुपये में मिला पेन, 250 की किताब दस में



## बापू बाजार में खरीदे जा सकेंगे सस्ते सामान



शुक्रवार को एमजी बालिका महाविद्यालय में हुनर हाट के लिए तैयारी करते हुए छात्राएं। • हिन्दुस्तान

फिरोजाबाद, हिन्दुस्तान संवाद। आज भी देहात में कई परिवार निर्धन हैं। नए फैशन के सूट इनके लिए ख्वाब सरीखे हैं, लेकिन इनके यह ख्वाब पूरे होंगे आज बैंदी के स्कूल में लगने वाले बापू हाट में। यहां एमजी की एनएसएस छात्राओं द्वारा साड़ी की भी बिक्री की जाएगी तो शर्ट-टीशर्ट के साथ अन्य सामान की। हालांकि यह सामान भी पुराना होगा, लेकिन इसे अच्छी तरह से पैक किया गया है।

एक रुपये में निर्धन बच्चों को पेंट या शर्ट मिल जाएगा तो पांच रुपये में साड़ी। इसके साथ में बच्चों के पढ़ाई-लिखाई के सामान के साथ कई अन्य तरह की वस्तुओं की भी बापू बाजार में बिक्री की जाएगी। एमजी कॉलेज की एनएसएस छात्राओं द्वारा सात दिवसीय शिविर के तहत बापू बाजार का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए एमजी बालिका महाविद्यालय में शुक्रवार को दिन भर छात्राएं बापू बाजार के लिए सामान को पैक करने में लगी रहीं। कागज की पॉलीथिन के साथ में प्लास्टिक की थैली में इस सामान को पैक किया। कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस डा संध्या द्विवेदी ने बताया कि बापू हाट एवं हुनर हाट से आने वाली धनराशि को स्कूल के विकास के लिए दिया जाएगा। इस सामान की कीमत एक से दस रुपये इसलिए रखी गई है, ताकि लोगों को यह नहीं लगे कि उन्हें दान दिया जा रहा है। वह उनकी क्षमता में है तथा वह आत्मसम्मान के साथ इसे खरीद सकें।

### एक रुपये में छात्राएं खिलाएंगी चाट-मेलपुरी

हुनर हाट में छात्राओं द्वारा चाट एवं भेलपुरी सहित खानपान की स्टॉल भी बच्चों के लिए लगाई जाएगी। इसमें छात्राएं एक रुपये में ही गोलगप्पे की प्लेट देंगी तो एक रुपये में ही निर्धन बच्चों को यहां भेलपुरी का स्वाद चखने का मौका मिलेगा।

## बापू बाजार के साथ हुआ एनएसएस के शिविर का समापन



एनएसएस शिविर के समापन के दौरान आरडी कॉलेज की छात्राएं। संवाद

हाथरस। आरडी गर्ल्स डिग्री के एनएसएस के शिविर का समापन बापू बाजार व रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर इंदु वार्ष्णेय ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाजसेवा की सीख दी। अंतिम दिन प्राथमिक विद्यालय नगला धन सिंह को स्वच्छ किया। इसके बाद प्रेरक उद्बोधन, पीटी, ड्रील एवं लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

शिविर के समापन दिवस को सांस्कृतिक दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ब्रज एवं हरियाणवी लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करने के साथ ही एक देशभक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। शिविर के अंत में ग्रामीणों के लिए ''बापू बाजार'' लगाया गया। मौके पर एनएसएस की छात्राएं एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना सिंह, अमृता सिंह, भूपेंद्र लाल, प्राथमिक विद्यालय नगला धनसिंह के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। संवाद

## बापू बाजार में खरीदे जा सकेंगे सस्ते सामान



## जरूरतमंद परिवारों को किया वस्त्रों का वितरण

- सेंट जोन्स कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने एकत्र किए छह हजार कपड़े



## एनएसएस इकाई ने बांटे गर्म कपड़े

आगरा। आगरा कॉलेज की एनएसएस इकाई ने बुधवार को गर्म कपड़ों का वितरण किया। एनएसएस के पुरस्कार विजेता स्वयंसेवक मोहित कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने 500 से अधिक कपड़े इकट्ठे किए थे।

कार्यक्रम अधिकारी डा. राजकिशोर सिंह के मुताबिक स्वयंसेवकों ने बिजली घर के पास स्थित झुग्गी झोपड़ियों में कपड़े बांटे। नगला विधि चंद्र की मलिन बस्ती में भी कपड़े बांटे गए। कार्तिक शर्मा, रश्मि सिंह, अंजली राठौर, शिवानी, तरुन, प्रवेश, योगश, राजकुमार, आंशी मिश्रा ने सहयोग दिया।

## बापू बाजार में एनएसएस छात्राएं बेचेंगी ग्रामीणों को सस्ते कपड़े

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

बुधवार को बैंदी में बापू बाजार में अलग ही नजारा दिखाई देगा। छात्राएं यहां पर दुकानें सजाएंगी। कपड़ों की रियायती दरों पर बिक्री करेंगी तो यहां पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ेगी। एनएसएस द्वारा स्कूल में लगाए जा रहे शिविर के तहत हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है।

महाशिवरात्रि पर अवकाश के दिन भी छात्राएं बापू बाजार की तैयारियों में जुटी रहीं। अपने स्तर पर छात्राओं द्वारा जुटाए गए कपड़ों को एमजी कॉलेज में योजनाधिकारी डॉ.संध्या द्विवेदी के निर्देशन में पैकिंग चलती रही। छात्राओं ने कपड़ों को नई पॉलीथिन में पैक किया। इसके साथ में इन पर रेट लिस्ट भी लगाई गई।

बैंदी स्कूल को एनएसएस छात्राओं द्वारा गोद लिया हुआ है। यहां पर इस तरह की गतिविधियों से वह शिक्षा एवं रहन का स्तर बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। इसके लिए ही पिछले साल से यहां पर बापू बाजार की शुरुआत की गई थी, ताकि गांव के गरीब परिवारों के बच्चे भी मौसम एवं अच्छे कपड़े पहन सकें।

**एक से दस रुपये होगी कीमत :** इन कपड़ों की कीमत मात्र एक से दस रुपये तक रहेगी। यह कीमत भी इसलिए रखी गई है ताकि लोगों को यह न लगे कि कोई उन्हें मुफ्त में बांट रहा है। बल्कि लोग अपने स्तर से जो भी जरूरत का सामान हो, वहां खरीदें।

**स्टॉल पर यह मिलेंगे कपड़े :** सूट, साड़ी, बच्चों के कपड़े, लड़कों के कपड़े, लहंगा, शर्ट्स, कुर्ते।



महाशिवरात्रि के पर्व पर छुट्टी के दिन भी एमजी कॉलेज में बापू बाजार के लिए कपड़ों की पैकिंग करते हुए छात्राएं।

# In voter awareness work



















# In voter awareness work

## शिक्षण संस्थानों में पहुंची मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस



सेंट जोंस कॉलेज में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने रैली निकाली। अमर उजाला

आगरा। आगामी विधानसभा चुनाव के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बृहस्पतिवार को विद्यालयों व कॉलेजों में मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस (बस) पहुंची। सेंट जोंस कॉलेज में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली।

शहर के श्री गोपीचंद शिवहरे सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, सैंया, क्वीन विक्टोरिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, श्री रत्नमुनि जैन इंटर कॉलेज के अलावा सेंट जोंस कॉलेज में एक्सप्रेस पहुंची। संबंधित संस्थानों में मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों की ओर से प्रभातफेरी और रैली निकाली गई।

नुक्कड़ नाटक भी किए गए। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में एनएसएस इकाई ने एक्सप्रेस का स्वागत भी किया। कार्यक्रम में एडीएम संजीव कुमार, डीआईओएस मनोज कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचिता शर्मा, डॉ. जॉन अभिषेक मसीह की उपस्थिति रही। ब्यूरो

## ई-शपथ व पोस्टर से मतदान के प्रति जागरूक करेंगे स्वयंसेवक

**विवि की तैयारी**

**डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि की एनएसएस इकाइयां ऑनलाइन जागरूकता अभियान चलाएंगी**

अमर उजाला ब्यूरो

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाइयों के स्वयंसेवक आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करेंगे। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से मतदाताओं को ई-शपथ दिलाएंगे। जागरूकता वाले स्लोगन लिखे ई-पोस्टर साझा करेंगे।

विश्वविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान ने बताया कि 'मतदान करने जाएंगे, सबसे करवाएंगे, एक सशक्त राष्ट्र बनाएंगे' आदर्श वाक्य के साथ एनएसएस के स्वयंसेवक मतदाता जागरूकता अभियान चलाएंगे। कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए इंस्टाग्राम, फेसबुक और यू-ट्यूब आदि प्लेटफार्म का सहारा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को मतदान करने के लिए कुछ स्वयंसेवकों की ओर से प्रेरक गीत और कविताएं भी तैयार की जा रही हैं। इनको भी मतदाताओं तक पहुंचाया जाएगा।

डॉ. रामवीर सिंह चौहान का कहना है कि मतदान हर उस नागरिक का अधिकार है, जो 18 वर्ष उससे अधिक उम्र का है। एनएसएस के स्वयंसेवक प्रत्येक चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रैलियों, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करते हैं। इस बार परिस्थितियां कुछ विषम हैं। कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। पढ़ाई भी ऑनलाइन कर दी गई है। इसलिए, ऑनलाइन अभियान चलाने पर जोर दिया जा रहा है।

## आरबीएस कॉलेज में मतदाता पंजीकरण के लिए हेल्प डेस्क खोली

**एनएसएस की प्रथम, द्वितीय व पंचम इकाई की ओर से कदम उठाया गया**

आगरा। आरबीएस कॉलेज में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की प्रथम, द्वितीय और पंचम इकाई की ओर से नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए हेल्प डेस्क खोली गई है। छात्र-छात्राओं को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक भी किया गया।

हेल्प डेस्क का उद्घाटन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. यूएन सिंह और डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के एनएसएस के समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर कॉलेज के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. कृपा शंकर सिंह ने छात्रों को मतदान का महत्व बताया और उन्हें पंजीकरण कराकर मतदाता बनने और चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम तिवारी ने मतदाता बनने की प्रक्रिया की जानकारी दी। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंचल पाल सिंह, डॉ. आलोक सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. गोविंद सिंह, अनिल कुमार सिंह, भारत, स्वयंसेवकों में रिया, जाह्नवी, शुभम आदि शामिल रहे। ब्यूरो

## स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली



बिचपुरी (जनसंदेश टाइम्स)। आरबीएस कॉलेज आगरा बिचपुरी कैम्पस में राष्ट्रीय सेवा योजन की तृतीय एवम चतुर्थ इकाई के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयं सेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जे पी श्रीवास्तव एवं डॉ. मनोज पाण्डेय द्वारा मतदाता बनाने के विभिन्न पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गई। सभी छात्रों को जो एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष कम्पलीट हो उन्हें मतदाता बनाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. यू एन सिंह, बिचपुरी कैंपस इंचार्ज डॉ. विपिन अग्रवाल, मुख्य प्रानुशासक डॉ. बृजेश चतुर्वेदी, डॉ. राजवीर, डॉ. मनु कांत शास्त्री, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. केके मौर्य, डॉ. वरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## युवा मतदाता उत्सव में छात्राओं ने जगाए वोटर

**आयोजन**



## मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई

## महोत्सव में गीत गुनगुना मतदाताओं को जगाया गया



हिन्दुस्तान 06

## एनएसएस शिविर में किया मतदान के प्रति जागरूक

# Road traffic Awareness work





















# Road traffic Awareness work

## किशोरी रमण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा द्वारा निकाली गई सड़क सुरक्षा जनजागरूकता रैली



परिधि समाचार मथुरा
मथुरा बुधवार को प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा (उ प्र) के निर्देशानुसार किशोरी रमण (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय, मथुरा द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में होने वाली जी–20 देशों की बैठक एवं सड़क सुरक्षा संबंधी जनजागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने संबंधी नुक्कड़ नाटिका भी आयोजित की गई। इस नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से जन सामान्य को जी–20 देशों, और भारत की जी–20 में अहम भूमिका के बारे में बताया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप कुमार अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और उपस्थित छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। इस पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था को एनएसएस अधिकारी डॉ अशोक कौशिक,डॉ नवीन अग्रवाल एवं एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ) कपिल कौशिक ने संभाला। टी एस आँय श्री मोतीलाल यादव,हेड कांस्टेबल अश्विनी कुमार तथा जीतेन्द्र सिंह ने टीम सहित यातायात व्यवस्था व्यवस्थित की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेकों अन्य प्राध्यापकों जैसे डॉ एस पी सिंह, प्रोफेसर(डॉ) राजेश अग्रवाल, डॉ. उमेश शर्मा, डॉ पी पी सिंह, डॉ राजेश गौतम, प्रोफेसर (डॉ) डी के खंडेलवाल, राजेश सारस्वत, डॉ अजय उपाध्याय, डॉ रामदत्त मिश्रा तथा डॉ ममता रानी कौशिक, श्री शिवप्रसाद, श्री हिमांशु तिवारी, श्री निशांत श्रीवास्तव, डॉ विजय आनंद ने भी छात्र छात्राओं को शुभाशीष देते हुए उनके प्रयत्न की सराहना की। नुक्कड़ नाटिका में एन एस एस की मेधा दुबे, आरजू तोमर, निपुण, झलक, यशी, श्रद्धा, वंदना, प्रियंका, मुस्कान, काजल आदि छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

इस रैली में एनसीसी कैडेट की अहम भूमिका रही जिसमें अंजलि जायसवाल, प्रीति सारस्वत, राज, विष्णु, पीयूष, श्याम गजेश, जीतेन्द्र विशेष रूप से सक्रिय रहे। महाविद्यालय के कुल 400 छात्र छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।



कैआर डिग्री कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

## सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरुक

मथुरा,हिन्दुस्तान संवाद।किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. अशोक कौशिक एवं डॉ. नवीन अग्रवाल के निर्देशन में महाविद्यालय रोड सेफ्टी क्लब द्वारा छात्र- छात्राओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने के लिए लेखन, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने इस अवसर पर कार्यक्रम की भूरि- भूरि प्रशंसा करते हुए व्यक्तिगत तथा सामुदायिक स्तर पर सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अशोक कौशिक ने भी उपस्थित जनमानस को सड़क सुरक्षा के विभिन्न अनुशंसित उपायों से अवगत करवाया और डॉ. नवीन अग्रवाल के साथ छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलवाई। इस दिवस पर आयोजित लेखन प्रतियोगिता में प्रोफेसर (डॉ.) राजेश अग्रवाल तथा डॉ राजेश सारस्वत निर्णायक रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में डॉ. उमेश शर्मा एवं डॉ. राजेश गौतम निर्णायक रहे तथा क्विज प्रतियोगिता की व्यवस्था डॉ. रामदत्त मिश्रा एवं डॉ. कपिल कौशिक ने संभाली। डॉ. अजय उपाध्याय एवं डॉ. ममता रानी कौशिक ने कार्यक्रम की संचालन एवं अनुशासन व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया।

## राष्ट्रीय स्वरूप

### सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत किया नुक्कड़ नाटक

आगरा : श्रीमती बीडी जैन कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक में राहगीरों को हेलमेट के लिए जागरूक किया गया। एनएसएस प्रभारी आभा मिश्रा, नेहा विश्वकर्मा का सहयोग रहा। (जासं)




डा. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को आयोजित यातायात जागरुकता संगोष्ठी में मौजूद छात्र–छात्राएं।

## ट्रैफिक नियमों का पालन सभी के लिए जरूरी

आगरा। डा. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के अन्तर्गत यातायात जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन डा. एमपीएस ग्रुप के छात्रों एवं यातायात विशेषज्ञों द्वारा आयोजित की गयी। चैयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर ए के सिंह, नीलम सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का पालन हम सभी को करना चाहिए। डीन डा. ए के गोयल और डीन कॉरपोरेट पियूष अग्रवाल ने भी छात्रों को संबोधित किया।

## न्यूज डायरी

### सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

आगरा (ब्यूरो)। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सेंट जोंस कालेज में मंगलवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद सेंट जोंस कालेज से हरीपर्वत चौराहे पर जागरूकता रैली निकाली गई। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियम लिखे पंफलेट बांटे गए। विचार गोष्ठी में टीएसआई नीरज कुमार, टीआई ओमेश चंद्र भट्ट और डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के एनएसएस के कोआर्डिनेटर डा. रामवीर सिंह चौहान ने विचार व्यक्त किए। रैली में सेंट जोंस कालेज कालेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों के साथ एनसीसी के कैडेट, आरबीएस कालेज और आगरा कालेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान लेफ्टिनेंट डा. दिनेश, कार्यक्रम अधिकारी डा. विधु, डा. रोहित सिन्हा और स्वयंसेवकों में धीरेंद्र प्रताप सिंह, मोहित कुमार, रोशन सिंह मौजूद रहे।

23-12023,पेज-2

## स्वयंसेवियों ने वाहन चालकों को बताए नियम

मैनपुरी, हिन्दुस्तान संवाद। डा. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय औंछा पड़रिया में एक दिवसीय शिविर के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता किया गया। प्राचार्य डा. पुष्पा कश्यप ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने करहल-इटावा रोड पर दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के प्रयोग एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर प्रमोद कुमार, जयप्रकाश यादव, भानुप्रताप, साधना, अब्दुल, शोएब, राहुल, दीपक, अनुज, अनमोल, आयुषी तिवारी, प्रियांक तिवारी, देवेंद्र, खुशी आदि मौजूद रहे।



रविवार को करहल-इटावा रोड पर वाहन चालकों को जागरुक करते राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी।

# Legislative work done during COVID-19




















## कोरोना से लड़ाई में कला को बनाया हथियार

### एनएसएस के स्वयंसेवक गीत, चित्र व पोस्टर के माध्यम से कर रहे जागरूक

अमर उजाला ब्यूरो

आगरा। कोरोना वायरस से लड़ाई में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये अपने हुनर को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। चित्र और पोस्टर बनाकर, गीत गाकर सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। लोगों को घर में सुरक्षित तरीके से रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

दयालबाग शिक्षण संस्थान के कई स्वयंसेवकों ने चित्र और पोस्टर बनाए हैं। इसमें कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के उपाय बताए हैं। संस्थान के छात्र नितिन यादव ने जागरूकता फैलाने के लिए तीन पोस्टर बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया है। छात्रा पूर्वी वर्मा ने देश के मानचित्र को चिकित्सक की गोद में दर्शाया है, देश की एकता के लिए सभी से घर में रहने की अपील करते हुए पोस्टर के जरिए जागरूक कर रही हैं। छात्रा अंजलि सिसौदिया ने मेडिकल फेस मास्क लगाने के फायदे बताते हुए पोस्टर बनाया है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों के स्वयंसेवकों ने पोस्टर व चित्र बनाए हैं। अभिषेक शाक्य लोगों से भीड़भाड़ वाले जगहों पर न जाने, आंख, मुंह, नाक पर बार-बार हाथ न लगाने व साबुन से हाथ धोने की अपील की है। छात्रा मोहिनी श्रीवास्तव ने भी पोस्टर बनाया है। विश्वविद्यालय के एनएसएस के समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान का कहना है कि लोगों को जागरूक करने के लिए स्वयंसेवकों का प्रयास सराहनीय है।










गीत गाते एनएसएस के स्वयंसेवक।

#### कोरोना वायरस से विश्व में है रई हाहाकार...

'सावधान रहना मेरे भाई, विनती बारंबार..., कोरोनावायरस से विश्व में है रई हाहाकार' गीत गाकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहाबाद के छात्र व एनएसएस के स्वयंसेवक सुनील कुमार ने वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है।

# Legislative work done during COVID-19

## राष्ट्रीय सेवा योजना ने महामारी के लिए किया जागरूकता अभियान शुरू

## प्रशासन से सहयोग करने को एनएसएस के वॉलंटियर तैयार

## विद्यार्थी घर बैठे फोन पर ही पाएं समस्याओं के समाधान

## घर-घर खोजे जाएंगे कोविड लक्षण वाले मरीज

### छात्राओं व कर्मचारियों ने लगवाई वैक्सीन

## एनएसएस ने शुरू किया मुस्कुराएगा इंडिया

## एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी बना रहे मास्क

मैनपुरी। डा. बीआर आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा घरों में मास्क बनाकर लोगों को वितरित किए जा रहे हैं।

स्वयंसेवी अर्शी, जागृति गुप्ता, संजना चौहान, सीमा, कीर्ति भदौरिया आदि ने लोगों को मास्क व सेनेटाइजर का प्रयोग लोगों से करने की अपील की। स्वयंसेवी कौशल कुमार, उज्जवल कुमार ने गीत के माध्यम से लोगों को लॉकडाउन का पालन करने की अपील की। प्राचार्य डा. पुष्पा कश्यप ने कोरोना से बचाव के लिए लोगों को सावधान रहकर घरों में रहने की अपील की।

## आरसीए कॉलेज में लगे शिविर में 77 छात्राओं को लगी वैक्सीन

AMAR UJALA FOUNDATION

शिविर में छात्रा को टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

## सोशल मीडिया के जरिए जागरूक कर रहे स्वयंसेवक

## तनाव दूर कर रहे एनएसएस के परामर्शदाता

18.5.2021 D. JAGRAN

## एनएसएस के स्वयंसेवक लोगों तक पहुंचाएंगे सही जानकारी

कोरोना वायरस संक्रमण के संबंध में भ्रामक जानकारी से बचाने को कदम

## घर-घर खोजे जाएंगे कोविड लक्षण वाले मरीज

### छात्राओं व कर्मचारियों ने लगवाई वैक्सीन

हिन्दुस्तान 02

## एनएसएस की छात्राओं ने तैयार किए मास्क

अमर उजाला

## डॉ. एमपीएस ग्रुप के बच्चों ने मलिन बस्तियों में किया सेवा कार्य

## आरसीए कॉलेज में लगे शिविर में 77 छात्राओं को लगी वैक्सीन

AMAR UJALA FOUNDATION

शिविर में छात्रा को टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

## कोरोना की दूसरी लहर से बचने को टीकाकरण बहुत जरूरी

# Amrit Mahotsav of Independence in action

















## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जोश का माहौल

**इंडिया डायरेक्ट न्यूज ब्यूरो**

गाजियाबाद:दिनांक 11.8. 2022 को पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के एनएसएस, एनसीसी तथा रेंजर्स के वालंटियर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शिकोहाबाद तहसील प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में तहसील प्रांगण से लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के प्रति जनमानस को जागरूक किया गया तथा शासन की प्राथमिकताओं से अवगत कराया गया ' इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी



डॉ एमपी सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ टीएच नकवी, उप जिला अधिकारी शिकोहाबाद, क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के अलावा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एनसीसी के डॉक्टर आर बी पांडे, डॉ विशाल पाठक,प्रवीण पालीवाल, नवीन पालीवाल, राम सिंह, रवीश पालीवाल तथा अनेक वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे

## विश्वविद्यालय द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा



आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ एवं छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार प्रातः 6:30 बजे किया गया। उपकुलपति प्रो. अजय तनेजा ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। प्रभात फेरी विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर से आर.बी.एस कॉलेज, ललित कला संस्थान, महात्मा गांधी मार्ग स्थित शहीद स्मारक पहुंची। प्रभात फेरी यात्रा व्यवस्थित रूप से ड्रम, बैण्ड एवं तिरंगा के साथ निकाली गई तथा यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्', 'झंडा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के नारे गुंजायमान रहे।

सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा के स्वयंसेवकों ने आजादी की अमरगाथा का नाटकीय रूपांतरण जनमानस के मध्य प्रस्तुत किया साथ ही अन्य छात्र छात्राओं ने भी शहीद स्मारक पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विवि राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के 250 स्वयंसेवकों तथा यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल के छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विवि कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, रा.से.यो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. मो. अरशद, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचिता शर्मा, डॉ. [illegible] अभिषेक मसीह, राम कुमार श्रीवास्तव, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. जयप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. निरोज, डॉ. अमिता शर्मा, डॉ. राकेश, डॉ. अजीत यादव, डॉ. हेमलता, शशांक गुप्ता, शिव कुमार मिश्रा साथ ही स्वयंसेवक रोशन सिंह माहौर, लक्ष्य, हिमांशु, अमरीन, शिवम सारस्वत आदि उपस्थित रहे।

# International youth groups welcome and cultural exchange





























# International youth groups welcome and cultural



रविवार को रूसी युवा दल का स्वागत करते एनएसएस के स्वयंसेवक। • हिन्दुस्तान

## रूसी युवा दल ने किया ताजनगरी का भ्रमण

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने रविवार को रूसी युवा दल का ताजनगरी आगमन पर स्वागत किया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने शिल्पग्राम में रूस से आये 50 सदस्यीय युवा दल का स्वागत किया। अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान, लखनऊ निदेशालय के समरदीप सक्सेना व युवा एवं खेल मंत्रालय से आये युवा अधिकारी नीरज चंद्र ने की। स्वयंसेवकों ने दल के साथ भारतीय संस्कृति से जुड़ी हुई कई बातें साझा की एवं विचारों का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीपी सिंह, डॉ. निरोज यादव, शिवकुमार मिश्रा एवं स्वयंसेवक अरिदमन, चमन, मोनिका, हिमांशु, अजीत, पूजा मौजूद रहे।

## श्रीलंका देश से आए युवा दल का स्वागत

आगरा। केंद्र सरकार के सांस्कृतिक विनियम कार्यक्रम के तहत श्रीलंका से आया युवाओं का दल शनिवार को आगरा पहुंचा। अंबेडकर विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने होटल पुष्प विला में दल का स्वागत किया। युवा कार्यक्रम के खेल मंत्रालय के अधिकारी नवीन रावत और रोहित आनन्द के नेतृत्व में आए दल में 30 सदस्य थे। स्वागत के बाद स्वयंसेवकों ने दल के साथ रात्रि भोजन कर भारतीय संस्कृति का आदान-प्रदान किया। रविवार को दल ने ताजमहल का अवलोकन किया। इसके बाद दल दिल्ली के लिए रवाना हो गया। स्वागत दल में आगरा विवि के कार्यक्रम समन्वयक डा. रामवीर सिंह चौहान, एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ के अधिकारी यमुना प्रसाद, कार्यक्रम अधिकारी डा. लक्ष्मन सिंह, स्वयंसेवक मोहित कुमार, धीरेन्द्र, वैशाली निगम, विशाखा निगम रहे।

## चीनी दल का किया स्वागत

आगरा। चीन से आए युवा दल का गुरुवार को शिल्पग्राम परिसर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वागत किया। केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की योजना में युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत चीन से 200 सदस्यों का दल आगरा आया था।

इसका नेतृत्व मुख्य अधिकारी चिन डोंगनेई कर रहे हैं। इनका स्वागत डा. भीमराव अंबेडकर विवि की एनएसएस योजना के कार्यक्रम समन्वयक डा. रामवीर सिंह चौहान, क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ के अधिकारी समरदीप सक्सेना के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. नीरा शर्मा, स्वयंसेवक मोहित कुमार, धीरेन्द्र प्रताप, विन्नी, स्नेह पांडेय, प्रदीप कुमार ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।



सोमवार को स्वयंसेवकों ने नेपाल से आए दल का स्वागत किया। • हिन्दुस्तान

## नेपाल के युवा दल का स्वागत किया

आगरा। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने सोमवार को नेपाल के युवा दल का जोशिला स्वागत किया। भारतीय सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के तहत नेपाल से 50 सदस्यीय युवाओं का दल आगरा भ्रमण के लिए पहुंच गया। स्वागत अंबेडकर विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय निदेशालय (लखनऊ) के युथ ऑफिसर समरदीप सक्सेना, डॉ. लक्ष्मन सिंह, डॉ. प्रमत प्रताप आदि उपस्थित रहे। मोहित कुमार, धीरेंद्र, रोशन, तनीषा और लीना वर्मा ने दल को ताजमहल और आगरा किला का भ्रमण कराया।

City briefs

## फिलिस्तीन के युवा दल ने किया भ्रमण

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



AGRA: राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रविवार को फिलिस्तीन के युवा दल का स्वागत किया. भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के तहत 60 सदस्य के युवाओं का दल आगरा भ्रमण के लिए पहुंचा. डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय द्वारा एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ.रामवीर सिंह चौहान ने सभी माला पहनाई. सोमवार और मंगलवार को यह आगरा भ्रमण करेंगे. इस मौके पर दिल्ली मंत्रालय से मदनमोहन, क्षेत्रीय निदेशालय से यूथ ऑफीसर समर दीप सक्सेना, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ.सीमा, शिव कुमार मिश्रा, धीरेन्द्र प्रताप, विशाखा निगम, अनामिका, स्नेहा पांडे, मोहित आदि मौजूद है.



भारत सरकार एवं युवा खेल मंत्रालय के तत्वावधान में राजपथ पर परेड में शामिल 200 स्वयंसेवकों का एक दल आगरा किले के भ्रमण पर आया। दल का स्वागत विवि के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. रामवीर सिंह चौहान, डॉ. राजकिशोर सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह ने किया।

## बांग्लादेश के युवा दल का स्वागत

आगरा। डॉ. भीमराव अंबेडकर विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने भारत भ्रमण पर आए बांग्लादेश के युवा दल का स्वागत किया।

एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. रामवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने 103 युवाओं के दल का शिल्पग्राम पर स्वागत किया। इस मौके पर स्वयं सेवक मोहित कुमार, आकांक्षा बघेल, रीना सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय समन्वयक समरदीप सक्सेना और डॉ. राजकिशोर सिंह उपस्थित रहे।

# Organization of ITI training camps







भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय
(उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड)
केन्द्रीय भवन, आठवाँ तल, हाल न0 1,
सेक्टर–'एच', अलीगंज, लखनऊ–226024, उ0प्र0
दूरभाष : 0522 { 2337066 (टेलीफैक्स) / 4079533

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Youth Affairs & Sports
(Department of Youth Affairs)
Regional Directorate of National Service Scheme
(Uttar Pradesh, Uttarakhand)
Kendriya Bhawan, 8th Floor, Hall No. 1,
Sector 'H', Aliganj, Lucknow-226024, UP
email : nssrc.lu-up@gov.in, nssrclucknow@gmail.com
nssrclucknow@yahoo.com
facebook : NSS India@NSSGOI

सं0 04–75 / रासेयो / क्षेनि / लख / 2018–19 — दिनांक : दिसम्बर 06, 2019

सेवा में,

डा0 रामवीर सिंह चौहान,
कार्यक्रम समन्वयक–रा0से0यो0,
डा0 भीमराव अम्बेडकर आगरा विश्वविद्यालय,
आगरा ।

विषय : रा0से0यो0–ई.टी0आई0 — कार्यक्रम अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में ।

महोदय,

सूच्य है कि भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आपके विश्वविद्यालय को ई0टी0आई0 स्वीकृति के सापेक्ष में कार्यक्रम अधिकारियों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन हेतु धनराशि उपलब्ध करा दी गई है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण हेतु निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का कष्ट करें । साथ ही आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूचना इस कार्यालय एवं अवर सचिव (रा0से0यो0), भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली तथा राज्य रा0से0यो0 अधिकारी को प्रेषित करने का कष्ट करें जिससे तदनुसार विश्वविद्यालयों को कार्यक्रम अधिकारियों की प्रतिभागिता हेतु सूचित किया जा सके ।

भवदीय

(signature) 6/12/19

( यमुना प्रसाद )
युवा अधिकारी
कृते क्षेत्रीय निदेशक

संलग्नक : उपरोक्त

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित :–

1. अवर सचिव (रा0से0यो0), भारत सरकार, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली ।
2. निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, जामनगर हाउस, नई दिल्ली ।
3. राज्य रा0से0यो0 अधिकारी, उ0प्र0 शासन, विधान भवन, लखनऊ ।

# Organization of ITI training camps






भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports
युवा कार्यक्रम विभाग
Department of Youth Affairs
राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme

## प्रमाण-पत्र/Certificate

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री/श्रीमती ............................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी ............................................ कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो ........................................................................ ने रासेयो सूचीबद्ध प्रशिक्षण केन्द्र, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा 07/03/2021 से 13/03/2021 तक आयोजित 7 दिवसीय रासेयो प्रशिक्षण कार्यक्रम में सफलतापूर्वक सहभागिता की।

Certified that Sh/Ms/Smt. ................................................ Son/daughter/wife of .........................................., Programme Officer, NSS.... ............................................ has successfully participated in the 7 day's NSS Training Programme conducted by NSS Empanelled Training Institute, Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra from 07/03/2021 to 13/03/2021

| | | |
|---|---|---|
| (Dr. Ramvir Singh Chauhan)<br>Programme Coordinator, NSS<br>& Training Coordinator ETI<br>Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra | (Dr. Ashok Shroti)<br>Regional Director<br>Regional Directorate Of NSS<br>Lucknow | (Prof. Ashok Mittal)<br>Vice Chancellor<br>Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra |

## एनएसएस स्वयंसेवक बनकर विद्यार्थियों का होता है सर्वांगीण विकास-कुलपति

एनएस न्यूज

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। खंदारी परिसर स्थित सेठ पदमचंद जैन संस्थान में आयोजित शिविर का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. अशोक कुमार मित्तल ने कहा कि समाज के प्रति संवेदनशीलता की भावना जाग्रत करने में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका अहम है। एनएसएस अपने नाम के अनुसार समाज में भाईचारा एवं सामाजिक कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के कार्य में योगदान दे रही है। एनएसएस के स्वयंसेवक बनकर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। इसका मुख्य लक्ष्य समाज सेवा है।

विधि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ब्रजेश रावत ने कहा कि दुनिया में जब महामारी का दौर आया तब ऐसी विपरीत परिस्थितियों में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका अहम रही। राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक अशोक श्रोति ने प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्तमान भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम अधिकारियों की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण कार्य में जोड़ने व एनएसएस के कार्यक्रम प्रबंधन विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। विवि के एनएसएस समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। शिविर में विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों व आगरा एवं अलीगढ़ मंडल के माध्यमिक विद्यालयों के 35 कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

शिविर में डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. रचिता शर्मा, हेमलता, डॉ. केशव गुप्ता, कृष्णा बाला, डॉ. एकता, शिव कुमार मिश्र, मोहित कुमार, रोशन सिंह आदि मौजूद रहे।




सेठ पदमचंद जैन संस्थान में आयोजित एनएसएस प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते कुलपति प्रो. अशोक कुमार मित्तल।

### एक नजर में

**प्रशिक्षण शिविर में जानी एनएसएस की महत्ता**

आगरा : डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सेठ पदम चंद जैन मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सोमवार को डा. रामवीर सिंह चौहान ने योजना की महत्ता एवं इतिहास की जानकारी दी। मुख्य वक्ता एसपी सिंह ने आदर्श व्यक्तित्व, वेशभूषा व अनुशासन के बारे में बताया। (जासं)



## प्रशिक्षण शिविर में मिला अधिकारियों को नया ज्ञान

आगरा | कार्यालय संवाददाता

**वर्तमान हालातों पर चर्चा**

www.jagran.com

## एनएसएस का लक्ष्य समाजसेवा करना

आगरा : डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सेठ पदम चंद जैन मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में रविवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. अशोक मित्तल ने कहा कि एनएसएस का लक्ष्य समाजसेवा है। क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के निदेशक अशोक श्रोती ने एनएसएस की वर्तमान भूमिका पर प्रकाश डाला।

# Organization of ITI training camps




भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports
युवा कार्यक्रम विभाग
Department of Youth Affairs
राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme

## प्रमाण-पत्र/Certificate

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री/श्रीमती ........................................ पुत्र/पुत्री/पत्नी ........................................ कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो ........................................ ने रासेयो सूचीबद्ध प्रशिक्षण केन्द्र, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा 19/03/2021 से 25/03/2021 तक आयोजित 7 दिवसीय रासेयो प्रशिक्षण कार्यक्रम में सफलतापूर्वक सहभागिता की।

Certified that Sh/Ms/Smt. ........................................ Son/daughter/wife of ........................................, Programme Officer, NSS.... ........................................ has successfully participated in the 7 day's NSS Training Programme conducted by NSS Empanelled Training Institute, Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra from 19/03/2021 to 25/03/2021.

| (Dr. Ramvir Singh Chauhan) | (Dr. Ashok Shroti) | (Prof. Ashok Mittal) |
|---|---|---|
| Programme Coordinator, NSS & Training Coordinator ETI Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra | Regional Director Regional Directorate Of NSS Lucknow | Vice Chancellor Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra |

## 'स्वयं सजें, वसुंधरा संवार दें... को आत्मसात करने की जरूरत'

अमर उजाला ब्यूरो

### सेठ पदमचंद जैन संस्थान में अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से सेठ पदमचंद जैन संस्थान में आयोजित कार्यक्रम अधिकारियों का प्रशिक्षण बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. अशोक मित्तल ने कहा कि एनएसएस के लक्ष्य गीत 'स्वयं सजें, वसुंधरा संवार दें...' को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है।

विवि के वित्त अधिकारी एके सिंह ने कहा कि युवाओं के चरित्र निर्माण में एनएसएस महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ब्रजेश रावत ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजली सेठ ने प्रशिक्षण के दौरान के अपने अनुभव साझा किए। एनएसएस के राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. अंशुमालि शर्मा ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े और पॉक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी। संचालन डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लक्ष्मण सिंह ने किया। डॉ. अरुण कुमार, डॉ. हेमलता, शैलेंद्र कुमार, डॉ. निशीथ गौड़, डॉ. राधेश्याम सिंह के अलावा स्वयंसेवकों में मोहित कुमार, तनीषा, अजीत कुमार, मोहिनी कुमारी, चमन, राशन ने सहयोग दिया।

6 दैनिक जागरण आगरा,

## सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

जागरण संवाददाता, आगरा: डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार को सेठ पदमचंद जैन मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में हुआ।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. अशोक मित्तल ने शिविर में सीखे नवाचारों को समाज तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम अधिकारियों को प्रेरित किया। वित्त अधिकारी एके सिंह ने स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम समन्वयक डा. रामवीर सिंह चौहान ने कार्यक्रम की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ब्रजेश रावत ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम अधिकारी डा. अंजलि सेठ ने अनुभव साझा किए। राज्य संपर्क अधिकारी डा. अंशुमालि शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से पॉक्सो अधिनियम 2012 के बारे में विस्तार से बताया। डा. दीनदयाल ने संकल्प से सिद्धी के तहत विचार साझा किए। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। संचालन डा. प्रतिमा गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. लक्ष्मण सिंह ने किया। डा. अरुण कुमार, डा. हेमलता, डा. निशीथ उपस्थित रहे।

## युवाओं में सेवाभाव विकसित करता है एनएसएस

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजन के प्रशिक्षण शिविर में छात्रों को एनएसएस का महत्व बताया। सेठ पदमचंद संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रोती ने कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवाभाव विकसित करने के साथ ही चरित्र निर्माण भी करता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. रामवीर सिंह चौहान, डॉ. प्रतिभा सारस्वत, डॉ. रिंकी अग्रवाल, डॉ. बृजेश सिंह मौजूद रहे। ब्यूरो

# Youth dialogue work













## नारी होगी सशक्त और सुरक्षित, तभी बढ़ेगा देश आगे

- सेंट जोंस कालेज में हुआ युवा संवाद का आयोजन
- कार्यक्रम में पूर्वी, वंश, सौम्या, शुभम और जागृति रहे विजेता






## भारत को विकसित देश बनाने में जुट जाएं युवा

आगरा। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुक्रवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण विषय पर युवा संवाद का आयोजन सेंट जोन्स कॉलेज में किया गया। प्रथम स्थान पर पूर्वी चौहान, द्वितीय पर वंश शर्मा व सौम्या सिंह एवं तृतीय स्थान शुभम पाठक व जागृति चौहान रहे। युवा संवाद में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने किया। उन्होंने छात्रों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2022 को लाल किले से दिये पंच प्रणों के बारे में बताया कि भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाना है, तो इन पांचों प्रणों को हासिल करने में युवाओं को एक बड़ा किरदार निभाना पड़ेगा। 10 महाविद्यालयों के 300 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रोती ने युवा संवाद कार्यक्रम के बारे में बताया। साथ ही बताया कि यह पंच प्रण देश के सर्वांगीण विकास हेतु अगले 25 वर्षों में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

pus my city

## 'देश को विकसित बनाने में युवाओं की अहम भूमिका'

डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि की ओर से सेंट जॉंस कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित



पूर्वी रहीं प्रथम

## सेंट जोंस कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम आज

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से सेंट जोंस कॉलेज में 10 मार्च को युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका विषय ''इंडिया@2047 को आधार मानकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 15 अगस्त 2022 को लाल किले की प्राचीर से दिए पंच प्रण'' को रखा गया है। युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के बैनर तले कार्यक्रम होगा।

विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के स्वयंसेवकों को प्रतिभाग कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें एक-दूसरे से जुड़ने और अपने विचार साझा करने का भी मंच मिलेगा।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

**ये हैं पंच प्रण, जिन पर होगी चर्चा**

- विकसित भारत का लक्ष्य।
- गुलामी के हर अंश से मुक्ति।
- अपनी विरासत पर गर्व करना।
- एकता और एकजुटता।
- नागरिकों में कर्तव्य की भावना का होना।

स्वच्छता, जल संरक्षण का संदेश देंगे एनएसएस के स्वयंसेवक

# District level youth parliament work









# Population Stability Rally and Seminar














अमर उजाला www.amarujala.com आगरा CITY

## 'युवा बताएं जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम'

डॉ. भीमराव अंबेडकर विवि की एनएसएस सेल ने जागरूकता रैली निकाली, रखे विचार

## गरीबी और अशिक्षा का बड़ा कारण है बढ़ती जनसंख्या

# Digital India Workstream











हिन्दुस्तान

आगरा

आरबीएस टेक्नीकल कैंपस में मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इंफोर्मेशन टैक्नोलॉजी ने किया आयोजन

## डिजिटल इंडिया के संवाहक बनेंगे युवा

कार्यशाला

'डॉट इन' और 'डॉट भारत' हो रहा हिट



अमर उजाला

आगरा बुधवार, 28 सितंबर 2016

amarujala.com

आगरा | सितंबर 28, 2016 | बुधवार | अमर उजाला

## डिजिटल इंडिया से युवाओं को जोड़ेंगे स्वयंसेवक

एनएसएस के स्वयंसेवकों को एंबेसडर के रूप में तैयार किया गया, कार्यशाला हुई

नहीं आए केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद

22 भाषाओं में है डॉट भारत

36

100

09

102

37

1.5

# Organization of pre-Republic Day parade camps

















# Organization of pre-Republic Day parade camps
















# Organization of pre-Republic Day parade camps









# Organization of National Integration Camp-2016



















# Participation in national level camps





















# Participation in national level camps






















हिमाचल के वाटर स्पोर्ट्स सेंटर में साहसिक दमखम दिखाएंगे विवि एनएसएस के स्वयंसेवक

# National Service Scheme Award to Work Coordinator









भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports
युवा कार्यक्रम विभाग
Department of Youth Affairs

राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2021-22
NATIONAL SERVICE SCHEME AWARD 2021-22

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ० रामवीर सिंह चौहान, कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो), डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा (उत्तर प्रदेश) को उनकी उत्कृष्ट समाज सेवा की मान्यता प्रदान करते हुए वर्ष 2021-22 के लिए उत्कृष्ट कार्यक्रम समन्वयक पुरस्कार (प्रथम) प्रदान किया जाता है।

Certified that Dr. Ramvir Singh Chauhan, Programme Coordinator, National Service Scheme (NSS), Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra (Uttar Pradesh) is awarded the Best Programme Coordinator Award (First) for the year 2021-22 in recognition of his outstanding services to the community.

नई दिल्ली/New Delhi
दिनांक/Dated : 29th September, 2023

मीता राजीवलोचन/Meeta Rajivlochan
सचिव/Secretary

# National Service Scheme Award to Volunteers









भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports
युवा कार्यक्रम विभाग
Department of Youth Affairs
राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2021-22
NATIONAL SERVICE SCHEME AWARD 2021-22


प्रमाणित किया जाता है कि श्री लक्ष्य, स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो), आगरा कॉलेज, आगरा (उत्तर प्रदेश) को उनकी उत्कृष्ट समाज सेवा को मान्यता प्रदान करते हुए वर्ष 2021-22 के लिए स्वयंसेवक श्रेणी में रासेयो पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

Certified that Sh. Lakshya, Volunteer, National Service Scheme (NSS), Agra College, Agra (Uttar Pradesh) is awarded the NSS Award for the year 2021-22 in the category of volunteer in recognition of his outstanding services to the community.

नई दिल्ली/New Delhi
दिनांक/Dated : 29th September, 2023

Meeta
मीता राजीवलोचन/Meeta Rajivlochan
सचिव/Secretary

# National Service Scheme Award to Volunteers








भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports
युवा कार्यक्रम विभाग
Department of Youth Affairs

राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2019-20
NATIONAL SERVICE SCHEME AWARD 2019-20


प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री तनीषा त्रेहन, राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) स्वयंसेवक, श्रीमती बी.बी. जैन गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, आगरा, उत्तर प्रदेश को वर्ष 2019–20 के लिए स्वयंसेवक श्रेणी में राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

Certified that Ms. Tanisha Trehan, National Service Scheme (NSS) Volunteer, Smt. B.B. Jain Girls P.G. College, Agra, Uttar Pradesh is awarded the NSS Award for the year 2019-20 in the category of NSS Volunteer.

नई दिल्ली/New Delhi
दिनांक/Dated : 24th September, 2021

उषा शर्मा / Usha Sharma
सचिव/Secretary

# National Service Scheme Award to Volunteers












भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports

युवा कार्यक्रम विभाग
Department of Youth Affairs

राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2017–18
NATIONAL SERVICE SCHEME AWARD 2017-18

प्रमाणित किया जाता है कि श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, **राष्ट्रीय सेवा योजना** (रासेयो), स्वयंसेवक, राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय, आगरा (उत्तर प्रदेश) को वर्ष 2017–18 के लिए स्वयंसेवक श्रेणी में रासेयो पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

Certified that Sh. Dhirendra Pratap Singh, National Service Scheme (NSS), Volunteer, Raja Balwant Singh College, Agra (Uttar Pradesh) is awarded the NSS Award for the year 2017-18 in the category of Volunteer.

नई दिल्ली/New Delhi
दिनांक/Dated : 24 सितम्बर, 2019
24th September, 2019

उपमा
उपमा चौधरी/Upma Chawdhry
सचिव/Secretary

## National Service Scheme Award to Volunteers






भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports
युवा कार्यक्रम विभाग
Department of Youth Affairs

राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार
NATIONAL SERVICE SCHEME AWARD
2016-17

प्रमाणित किया जाता है कि श्री मोहित कुमार, रासेयो कर्मी, आगरा महाविद्यालय, आगरा (उत्तर प्रदेश) को वर्ष 2016–17 के लिए स्वयंसेवक पुरस्कार प्रदान किया गया।

Certified that Sh. Mohit Kumar, NSS Volunteer, Agra College, Agra (Uttar Pradesh) has been awarded the Volunteer Award for the year 2016-17.

नई दिल्ली /New Delhi
दिनांक /Dated : 21st December, 2017

डॉ. ए.के.दुबे / Dr. A.K. Dubey
सचिव / Secretary






23वाँ राष्ट्रीय उत्सव 2020
12-16 जनवरी 2020
लखनऊ

प्रशस्ति-पत्र

श्री/डॉ वैशाली निगम, स्वयंसेवक
आर.बी.एस. कॉलेज, आगरा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में वर्ष 2016-2017 में उत्कृष्ट कार्य किया है, फलस्वरूप इनका चयन राज्य स्तरीय एन. एस. एस. पुरस्कार के लिए किया गया है।

अतः श्री/डॉ वैशाली निगम को 23वें राष्ट्रीय युवा उत्सव, 2020 के समापन के अवसर पर यह प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए हमें हर्ष की अनुभूति हो रही है।